
02

अब रिमोट से चलने वाला फायर रोबोट बुझाएगा आग, एक मिनट में छोड़ेगा 2000 लीटर पानी

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

वैज्ञानिक अवधारणाओं को मातृभाषा में समझने की आवश्यकता: डॉ. तोमर



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 09 अगस्त 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2080, मास-श्रावण, कृष्ण पक्ष नवमी, मूल्य, 2.00 रुपए




# अग्रवाल महाविद्यालय के छात्र अनमोल जैन ने शूटिंग में फिर रचा इतिहास

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के एमए अर्थशास्त्र के छात्र अनमोल जैन ने चीन के शहर चैंगदू में 28 जुलाई से प्रारंभ हुए फीसू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी समर गेम्स-2021 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कजाकिस्तान के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक (टीम इवेंट) में प्राप्त किया। अनमोल जैन के साथ उनकी टीम में अर्जुन चीमा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर एवं वरुण तोमर, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ थे।

ज्ञात हो कि अनमोल जैन बल्लभगढ़ शहर का ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष का शूटिंग में एक होनहार खिलाड़ी है जिसने पहले भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर केवल अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का ही नहीं अपितु पूरे देश का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.



सम्मानित करते हुए।

कृष्णकांत गुप्ता ने महाविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों व विद्यार्थियों के साथ अनमोल जैन को महाविद्यालय परिसर में आमंत्रित कर फूलमालाओं, पुष्पगुच्छ व ढोल से जोरदार स्वागत किया एवं इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि अनमोल आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

प्राचार्य केके गुप्ता ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया। अनमोल की उपलब्धि पर अग्रवाल शिक्षा प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष वासुदेव गुप्ता, सचिव दिनेश मित्तल और कोषाध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने अनमोल को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसी अतिरिक्त महाविद्यालय के शारीरिक विभाग के प्रभारी डॉ. जगबीर सिंह, खेल-कूद संयोजक केशव कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, नरेश कालरा, डॉ. गीता गुप्ता, प्राध्यापकों, उप-अधीक्षक मनमोहन सिंगला ने बधाई दी।